# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

## विश्वविद्यालय–परिसर प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2025–2026

### तिथि वृद्धि कार्यालयीय–ज्ञाप

शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित **शास्त्री तृतीय समेस्टर, शास्त्री पंचम सेमेस्टर एवं आचार्य तृतीय सेमेस्टर** के कक्षाओं में किन्हीं कारणों से कुछ छात्र प्रवेश पंजीकरण से वंचित रह गये है छात्रहित को दृष्टिगत करते हुए उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश पंजीकरण की तिथि में वृद्धि की जाती है। शुल्क ऑनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा कर अपना प्रवेश पूर्ण कर लें। अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक निर्देश, विश्वविद्यालय की आनलाईन वेबसाइट www.ssvvonline.in के **"प्रवेश सत्र 2025–2026"** विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन शुल्क जमा करने का विवरण का प्रपत्र अपने पास सुरक्षित रखें।

शास्त्री तृतीय समेस्टर, शास्त्री पंचम सेमेस्टर एवं आचार्य तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश पंजीकरण एवं शुल्क जमा करने की तिथि 08.12.2025 से 10.12.2025 तक वृद्धि की जाती है। यह अंतिम अवसर है इसके बाद किसी प्रार्थना पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

इस पर मा0 कुलपति जी की स्वीकृति प्राप्त है।

1. शास्त्री तृतीय समेस्टर का शुल्क – 885/–
2. शास्त्री पंचम सेमेस्टर का शुल्क – 885/–
3. आचार्य तृतीय सेमेस्टर का शुल्क – 1600/–

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

**छा0क0सं0सा0 – 1528/2025 दिनांक – 06.12.2025**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
4– प्रबन्धक निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
5– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
6– संगणक केन्द्र को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
8– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
9– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

Scanned with OKEN Scanner